पर्वतारोही मनीष कसनियाल को सम्मानित करते हुए सीएम धामी।



हमारा दून

# धान की खरीद किसी भी तरह से प्रभावित न होने पाये

■ धान खरीद के लिए 1 अक्टूबर तक सभी तैयारियां पूरी करने के मंत्री ने दिए निर्देश

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के खाद्य मंत्री बंशीधर भगत की अध्यक्षता में उनके यमुना कॉलोनी आवास पर खरीफ खरीद सत्र 2021–22 में धान क्रय करने की तैयारियों के संबंध में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों और क्रय एजेंसियों को निर्देश दिये कि किसानों–काश्तकारों के हित के लिए खरीफ सत्र 2021–22 में व्यवस्थित तरीके से धान क्रय करने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से पहले से ही पूरी कर लें। उन्होंने धान खरीद हेतु 01 अक्टूबर तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस अवधि तक विभिन्न क्रय केन्द्रों पर चौकीदार, कम्प्यूटर ऑपरेटर जैसे सीजनल स्टॉफ की नियुक्ति कर ली जाए, कंप्यूटर सहित सभी इन्फ्रास्ट्रक्चरल व्यवस्थाएं पूरी करते हुए सभी क्रय केन्द्रों पर कांटे लगा दिये जाए, जिससे 01 अक्टूबर से धान की खरीद किसी भी तरह से प्रभावित न होने पाये। उन्होंने 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सरकारी विभागों को धान क्रय करने तथा 15 अक्टूबर से कमीशन एजेंट के माध्यम से किसानों से धान क्रय करवाने के निर्देश दिये।



खाद्य मंत्री बंशीधर भगत बैठक लेते हुए।

मंत्री ने अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य(एम.एस.पी.) में पिछले वर्ष के मुकाबले आशातीत वृद्धि की गई है। सामान्य धान का पिछले वर्ष एम.एस.पी. 1868रूपयेध्कुन्तल था जिसको 1940 रूध्कुन्तल किया गया है तथा ग्रेड–ए धान का मूल्य पिछले वर्ष 1888 रूपयेध्कुन्तल था जिसको इस बार 1960 रूपयेध्कुन्तल किया गया है। मंत्री ने इस खरीफ सीजन में कुल 15 लाख मिट्रिक टन धान क्रय करने का लक्ष्य दिया जिसमें 12 लाख मिट्रिक टन कुमाऊं के लिए तथा 03 लाख मिट्रिक टन गढ़वाल के लिए क्रय करने को कहा, जो गत वर्ष कुल 10 लाख मिट्रिक टन के क्रय लक्ष्य से कुल 05 लाख मिट्रिक टन अधिक है।

मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में 04 एजेंसियों खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, नैफेड और एन.सी.सी.एफ को धान खरीद हेतु नामित किया गया तथा इस खरीफ सीजन में कुल 240 क्रय केंद्र खोले जाने का निर्णय लिया गया, जबकि गत वर्ष में 229 क्रय केन्द्र थे। इसके अतिरिक्त पी.सी.यू.ऐजेंसी को भी धान क्रय करने की अनुमति देने के संबंध में चर्चा की गई। कृषि निदेशक से भी प्रति हेक्टेयर पैदावार को भी पुनरीक्षित करने की अपेक्षा की गई ताकि वास्तविक धान उत्पादन आंकड़े प्राप्त हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने पर्वतारोही मनीष कसनियाल को सम्मानित किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में पिथौरागढ़ के पर्वतारोही मनीष कसनियाल को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने मनीष को एवरेस्ट चोटी पर तिरंगा फहराने की उपलब्धि पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मनीष कसनियाल ने 01 जून 2021 को विश्व की सबसे ऊँची चोटी एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया। आईएमएफ के मिशन मैसिफ के तहत मनीष अपनी टीम साथी सिक्किम की सुश्री सुनीता प्रधान के साथ माउंट एवरेस्ट पर पहुंचे।



### सीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साधू सिंह बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साधू सिंह बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। 103 वर्ष के बारूवाला (भानियावाला) देहरादून निवासी साधू सिंह बिष्ट द्वितीय विश्व युद्ध का हिस्सा रहे हैं।

### उत्तराखंड में कोरोना के 48 नए मामले, 38 हुए स्वस्थ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में मंगलवार को कोरोना के 48 नए मामले आए। वहीं, 38 मरीजों ने कोरोना को मात दी। अच्छी बात ये भी है कि पिछले सात दिन से कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। अभी सूबे में कोरोना के 581 एक्टिव केस हैं। संस्था के अध्यक्ष नौटियाल ने बताया कि देश में केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, असोम, मिजोरम, मेघालय, आंध्र प्रदेश और मणिपुर में कोरोना के मामलों में इजाफा हुआ है। देश के 46 जिलों में इन दिनों संक्रमण दर 10 प्रतिशत से ज्यादा चल रही है, जबकि 53 जिलों में संक्रमण की दर पांच से 10 प्रतिशत के बीच है।

### एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने की नए फंड ऑफर की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। 4.26 लाख करोड़ रुपए के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट के साथ भारत के प्रमुख म्यूचुअल फंड हाउस में से एक एचडीएफसी म्यूचुअल फंड की योजनाओं के लिए निवेश प्रबंधक एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने एक नए फंड ऑफर के शुभारंभ की घोषणा की। एचडीएफसी निफ्टी 50 इक्वल वेट इंडेक्स फंड। फंड का लक्ष्य मूल सूचकांक निफ्टी 50 इंडेक्स का हिस्सा बनने वाले घटकों के प्रदर्शन को ट्रैक करना होगा।

### गंगा सुरक्षा समिति व रिस्पना पुनर्जीवन के कार्यो की डीएम ने की समीक्षा

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय गंगा सुरक्षा समिति तथा रिस्पना पुनर्जीवन के कार्यों से सम्बन्धित बैठक आयोजित की गई। गंगा सुरक्षा समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने ऋषिकेश में गंगा सुरक्षा कार्यों से जुड़े विभागों से कार्यों की प्रगति का विवरण प्राप्त करते हुए सभी विभागों को निर्माण कार्यों और सौन्दर्यीकरण के कार्यों की प्रगति बढाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माण निगम ऋषिकेश को निर्माण कार्यों में तेजी से प्रगति बढ़ाने, सिंचाई विभाग को सौंग नदी, खदरीमाफी और इसके इर्द–गिर्द बाढ सुरक्षा और चैनलाईजेशन के कार्यों की प्रगति बढ़ाने और पर्यटन विभाग को लक्कड़घाट में निर्माणधीन पॉन्ड को स्पोर्टस एक्टिविटी के नजरिये से विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने वन विभाग को नवग्रह वाटिका निर्माण और विभिन्न कार्यों में भूमि हस्तांतरण के मामलों का प्राथमिकता से निपटारा करने के निर्देश दिये।

# अगले चार माह में उत्तराखण्ड में शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य

पीएम के नेतृत्व मे देश में चल रहा दुनिया का सबसे बडा कोविड टीकाकरण अभियान: सीएम

**फ्लैग ऑफ**

■ मुख्यमंत्री ने एक्सिस बैंक द्वारा दिये गये ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर्स के वाहन को फ्लैग ऑफ किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से एक्सिस बैंक द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किए गए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के वाहन का फ्लैग ऑफ किया। एक्सिस बैंक द्वारा स्वास्थ्य विभाग को 31 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्सिस बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोविड के दौरान एक्सिस बैंक द्वारा जनसेवा के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। देशभर में कोविड टीकाकरण तेजी से चल रहा है। उत्तराखंड में चार माह में शत प्रतिशत लोगों का टीकाकरण किया जाएगा।




मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं उत्तराखंड की जनता के सहयोग से प्रदेश को आगे बढ़ाया जा रहा है। राज्य सरकार जनता की साझीदार के रूप में कार्य कर रही है।

इस अवसर पर एक्सिस बैंक के डी.के दास, विवेक, रघुवीर सिंह चौहान, नितिन गुप्ता, पंकज रावत उपस्थित थे।

### वरिष्ठ आईपीएस का वीआरएस लेना सिस्टम पर सवालिया निशान तो नहीं

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि मीडिया में चल रही खबरों के मुताबिक प्रदेश के ईमानदार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वी विनय कुमार का वीआरएस लेना निश्चित तौर पर सिस्टम के मुंह पर बहुत बड़ा तमाचा है। वीआरएस में कारण चाहे पारिवारिक या निजी दर्शाया गया हो, प्रदेश की सेहत के लिए अच्छा संकेत नही है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश में ईमानदार अधिकारियों के लिए कोई जगह नहीं है। एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि प्रदेश में माफिया राज के चलते ईमानदार अधिकारियों का दम घुट रहा है तथा सेटिंगबाज भ्रष्ट अधिकारी नेताओं से सांठगांठ कर प्रदेश को लूटने का काम कर रहे हैं।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।